# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



6 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी युग



6 संवेदना से रीते हम शव में बदलते जा रहे हैं


7 भारतीय समाज में ज्योतिष का स्वरूप


8 जिससे भी मिलो, वही जीतने को कहता है

## एक नजर में

### 17 को प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा दौरा

**चंडीगढ़.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्टूबर को हरियाणा के सोनीपत का दौरा करेंगे. हरियाणा में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार का एक साल पूरा होने पर वे हरियाणा को ढेर सारी सौगातें देंगे. हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कई परियोजनाओं की नींव भी रखेंगे. हरियाणा कैबिनेट की आज अनौपचारिक बैठक हुई. सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ,कृष्णलाल पंवार, अरविंद शर्मा, आरती सिंह राव और कृष्ण बेदी समेत तमाम मंत्री मौजूद रहे. इस बैठक में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली भी शामिल थे.

### श्रीनगर में आतंकवादी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले में पुलिस ने शनिवार को घोषित आतंकवादी सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल की दो करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की. सज्जाद प्रतिबंधित द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का प्रमुख है और कथित तौर पर अब पाकिस्तान में रहता है. राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार 15 मरला जमीन पर बनी यह संपत्ति सज्जाद गुल के पिता गुलाम मोहम्मद शेख के नाम पर दर्ज है. एचएमटी के रोज एवेन्यू स्थित इस घर को गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है. पुलिस ने बताया कि यह कुर्की यूएपीए की विभिन्न धाराओं तथा शत्रु एजेंट अध्यादेश अधिनियम की धारा 2/3 के तहत परिमपोरा पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में की गई.

### बगैर फास्टैग वाले वाहनों को देना होगा दोगुना शुल्क

**नई दिल्ली.** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने टोल प्लाजा पर टोल टैक्स भुगतान में बदलाव करते हुए बगैर फास्टैग वाले वाहनों के लिए नकद भुगतान में शुल्क दोगुना कर दिया है, लेकिन यूपीआई से भुगतान करने पर सवा गुना शुल्क लेने का फैसला किया है. सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है. राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग भुगतान के लिए जारी नये नियम 15 नवंबर से प्रभावी होंगे. मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए नया उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह नियम लागू किया है. डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर गैर-फास्टैग उपयोगकर्ताओं के वास्ते शुल्क प्लाजा पर नकद लेनदेन को समाप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है.

# कौशल हमारी प्राथमिकता

## प्रधानमंत्री मोदी ने आईटीआई टॉपर्स को किया सम्मानित

- 62,000 करोड़ रुपए की योजनाओं का शुभारंभ
- 5 लाख स्नातकों को एक हजार का मासिक भत्ता



**नई दिल्ली 04 अक्टूबर. प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 62,000 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की युवा-केंद्रित योजनाओं का शुभारंभ किया. उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश से देशभर में एक हजार सरकारी आईटीआई के उन्नयन के लिए 'पीएम-सेतु' का शुभारंभ किया. प्रधानमंत्री ने खासकर बिहार को योजनाओं का तोहफा दिया. उन्होंने संशोधित 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता' योजना का शुभारंभ किया, जिसके तहत दो साल के लिए 5 लाख स्नातकों को एक हजार रुपए का मासिक भत्ता मिलेगा.**

इसी के साथ बिहार में जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का भी उद्घाटन किया. चार विश्वविद्यालयों में नई शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला रखी गई. इसके अलावा बिहटा में एनआईटी पटना के नए परिसर का उद्घाटन किया गया.

प्रधानमंत्री ने विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले केंद्र सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित करने की परंपरा शुरू की थी. आज, हम इस गौरवशाली परंपरा का एक और अध्याय देख रहे हैं. उन्होंने कहा कि आज का भारत कौशल को प्राथमिकता देता है. मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा आईटीआई छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं. यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि भारत अब कौशल विकास को कितना महत्व देता है. आज देश भर के युवाओं के लिए दो और बड़ी शिक्षा एवं कौशल विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है.

### नीतीश सरकार की सराहना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के हालात में सुधार लाने एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सराहना की. बिहार सरकार ने राज्य के विकास के लिए नए संकल्प लिए हैं और पिछले 20 साल की तुलना में अगले पांच वर्ष में रोजगार पाने वाले लोगों की संख्या को दोगुना करने का निर्णय लिया है.

### कुछ लोग 'जननायक' खिताब की चोरी में लगे हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ नेता अपने को 'जननायक' के रूप में प्रस्तुत कर जननायक के उस खिताब की चोरी करना चाहते हैं, जिसे जनता ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दिया था. और मैं तो बिहार के लोगों को कहूंगा, जरा चोकन्न रहिए, ये जननायक पद कर्पूरी ठाकुर से ही है, आजकल लोग ये जननायक की भी चोरी करने में लगे हैं, और इसलिए बिहार के लोगों से मैं जागृत रहने का आग्रह करुंगा, कि हमारे कर्पूरी ठाकुर साहब का यह जनता द्वारा दिया गया सम्मान कोई चोरी न कर जाए.

# मध्यप्रदेश में कफ सिरप कोल्ड्रिफ प्रतिबंधित

**11** बच्चों की हुई मौत | **04** लाख रुपए प्रति बच्चे सहायता देने के निर्देश






**भोपाल, 04 अक्टूबर (वार्ता) प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप के कारण लगभग 11 बच्चों की मौत हो चुकी है. कफ सिरप कोल्ड्रिफ की तमिलनाडु में जांच की गई. इसमें जहरीला तत्व डाइएथिलीन ग्लायकोल पाया गया है. इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कफ सिरप कोल्ड्रिफ को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही राज्य सरकार ने मृतक बच्चों को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं.**

डॉ यादव ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप के कारण हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है. इस सिरप की बिक्री को पूरे मध्यप्रदेश में बैन कर दिया है. सिरप को बनाने वाली कंपनी के अन्य प्रोडक्ट की बिक्री पर भी बैन लगाया जा रहा है. सिरप बनाने वाली फैक्ट्री कांचीपुरम में है, इसलिए घटना के संज्ञान में आने के बाद राज्य सरकार ने तमिलनाडु सरकार को जांच के लिए कहा था. शनिवार सुबह जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई. रिपोर्ट के आधार पर कड़ा एक्शन लिया गया है.

उन्होंने कहा कि बच्चों की दुखद मृत्यु के बाद स्थानीय स्तर पर कार्रवाई चल रही थी. राज्य स्तर पर भी इस मामले में जांच के लिए टीम बनाई गई है. दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा.

### अब तक चार राज्यों में लगाई रोक

मध्यप्रदेश के अलावा राजस्थान, तमिलनाडु, केरल में भी कोल्ड्रिफबेचने पर रोक लगाई गई है. सिरप की वजह से राजस्थान में 2 बच्चों की मौत हुई थी.

### दवा की बिक्री बंद रहेगी : स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि यदि कहीं ये सिरप उपलब्ध पाया जाता है तो उसकी तुरंत जब्ती की जाए तथा उसे नष्ट न किया जाए. आगे से इस दवा की बिक्री/वितरण पूर्णत: बंद रहेगा. संदिग्ध बैचों के नमूने तत्काल जांच प्रयोगशालाओं में भेजे जाएं. राज्यभर में अन्य बैचों की भी उपलब्धता रोककर उनके नमूने परीक्षण हेतु एकत्र किए जाएं. इस कफ सिरप कंपनी द्वारा निर्मित अन्य उत्पादों की बिक्री पर भी रोक लगाई जा रही है और उनके नमूने परीक्षण हेतु लिए जाएँगे. संदिग्ध दवा की हर स्तर पर सख्त निगरानी रखी जाएगी.

# शुभमन बने भारत के नए वनडे कप्तान

## रोहित शर्मा और विराट कोहली भी टीम में शामिल

**मुंबई, 04 अक्टूबर (वार्ता) ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित शुभमन गिल की अगुवाई वाले वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं. श्रेयस अय्यर को भारतीय वनडे टीम का उपकप्तान नियुक्त किया है.**



रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद पहली बार भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आएंगे. हार्दिक पांड्या स्ट्रेन इंजरी के चलते वनडे और टी20 टीम से बाहर हैं. वहीं जसप्रीत बुमराह को वनडे टीम से आराम दिया गया है, हालांकि बुमराह टी20 टीम में शामिल हैं. मोहम्मद सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है. रवींद्र जडेजा वनडे टीम में शामिल नहीं हैं.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की वनडे टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, के एल राहुल, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)

**भारत की टी20 टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर.

# एक ही चरण में कराये जाएं चुनाव

## चुनाव आयोग के साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

**पटना, 04 अक्टूबर. बिहार भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को चुनाव आयोग के सामने मांग रखी कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव- 2025 एक ही चरण में कराये जाएं. चुनाव आयोग के साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में भाजपा ने अपने 16 सूत्री सुझावों के साथ एक ही चरण में चुनाव सम्पन्न करने की मांग रखी हैं. इस संदर्भ में भाजपा ने एक पत्र भी चुनाव आयोग को सौंपा है.**

बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, चुनाव प्रबंधन विभाग के प्रदेश संयोजक राधिका रमण और विधि प्रकोष्ठ के संयोजक विंध्याचल राय द्वारा सौंपे गए इस पत्र में मतदाता सूची की तैयारी पारदर्शी एवं बेहतर तरीके से करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग को तथा सभी 38 जिला एवं 243 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए लगभग दो लाख बीएलए को सहभागिता के लिए बधाई दी गई है. बैठक के बाद डॉ. जायसवाल ने कहा कि भाजपा ने एक चरण में चुनाव कराने की अपनी मांग रखी है. भाजपा ने मतदान केन्द्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों के पास होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बार-बार आयोग को इससे जुड़े शिकायत करने के बाद भी इन मतदान केन्द्र को नहीं बदला जा रहा है.



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किए मां कामाख्या देवी के दर्शन

**गुवाहाटी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को गुवाहाटी प्रवास के दौरान माँ कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन कर राष्ट्रवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और मध्यप्रदेश एवं असम की निरंतर उन्नति के लिए प्रार्थना की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ उनकी धर्मपत्नी सीमा यादव ने भी मां कामाख्या देवी मंदिर के दर्शन किए.

# जापान में तकाइची पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी

**टोक्यो 04 अक्टूबर. जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है. सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है. जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है.**

ऐसे में लगभग तय है कि वह अगली प्रधानमंत्री बनेंगी.



ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं. शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे.

उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है. ताकाइची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं. साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं. इन्होंने 2004 में साथी सांसद ताकू यामामोटो से शादी की. जुलाई 2017 में राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हो गए.

# फर्रुखाबाद में विस्फोट से दो छात्रों की मौत

**फर्रुखाबाद 4 अक्टूबर, (वार्ता) जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र में शनिवार को एक लैट्रिन टैंक में विस्फोट होने से कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले दो युवकों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए.**



पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र में मंडी सातनपुर समीपवर्ती द सन क्लासेस एण्ड लाइब्रेरी के लैट्रिन टैंक में दोपहर करीब 3:19 बजे अचानक भीषण विस्फोट के दौरान घायल छात्र को उपचार के लिए ले जाते समय कन्नौज के समीप रास्ते में मौत हो गई तथा पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्होंने बताया कि लैट्रिन टैंक भीषण विस्फोट की तेज आवाज किलोमीटर तक सुनाई थी और इस विस्फोट में घटना स्थल के भवन की दीवारों और दरवाजे क्षतिग्रस्त हुए. इसके अलावा पड़ोस में खड़ी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हुई. इस कोचिंग सेंटर पर विस्फोट का शिकार हुए बच्चे पढ़ रहे थे. इस विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुए सभी बच्चों को फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया. मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवनीद्र कुमार के अनुसार रेफर किए गए बच्चों में एक युवक की उपचार के लिए ले जाते समय कन्नौज समीप रास्ते में मौत हो गई तथा पांच बच्चों का उपचार चल रहा है.

# प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका जारी करने को यूपीएससी तैयार

**नई दिल्ली 04 अक्टूबर संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए कहा है कि वह प्रारंभिक परीक्षा के बाद उसकी उत्तर पुस्तिका जारी करने को तैयार है.**

अभी आयोग सिविलि सेवा की प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका साक्षात्कार तक के सभी चक्र पूरे होने और संपूर्ण परिणाम आने के बाद ही जारी करता है.

आयोग ने इस संबंध में उच्चतम न्यायालय में दायर रिट याचिका की सुनवाई के दौरान एक हलफनामा दायर कर इस बारे में सहमति व्यक्त की है. गत 20 सितंबर को दायर हलफनामे में आयोग ने कहा है कि वह प्रारंभिक परीक्षा के बाद उसकी उत्तर पुस्तिका जारी कर देगा. इससे पहले आयोग ने यह कहते हुए इसका विरोध किया था कि इसका प्रतिकूल असर होगा.

इस मामले में पिछले वर्ष एक रिट याचिका दायर की गयी थी. याचिका में प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका परीक्षा के अंतिम परिणाम आने के बाद जारी किए जाने की व्यवस्था को चुनौती दी गई थी. अभी तक प्रारंभिक परीक्षा क्वालिफाई नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को न तो अपने अंकों का पता चलता है.

**संकल्प** | पशुपालकों को दी जा रही है नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी

# प्रदेश के गांव-गांव में चल रहा है दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

**भोपाल, 4 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना से अधिक करने और उसके माध्यम से पशुपालक किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को पूरा करने के लिये प्रदेश में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है.**

अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग का अमला गांवों में घर-घर जाकर पशुपालकों से व्यक्तिश- संपर्क कर रहा है और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन दे रहा है. साथ ही पशुपालकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है. अभियान का प्रथम चरण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को आयोजित हुई ग्राम सभाओं से शुरू हुआ, जो 9 अक्टूबर तक चलेगा.



अभियान के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने शनिवार को दमोह जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम खिरिया छक्का पहुंचकर पशुपालक किसानों से संपर्क किया और उन्हें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और नस्ल सुधार आदि की जानकारी दी. मंत्री श्री पटेल ने पशुपालकों के घर पहुंचकर पशुपालन के संबंध में चर्चा की और अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की.

### प्रमुख सचिव ने दिये अभियान संबंधी निर्देश

प्रमुख सचिव श्री उमराव ने निरीक्षण के दौरान दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत पशुपालकों से सहज संवाद स्थापित करने और उन्हें शासन की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ देने के सबंध में विभागीय अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं. अभियान के अंतर्गत प्रदेश के पशुपालकों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी साझा करें.

# अमेरिका में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली.** अमेरिका के डलास में अध्ययनरत एक भारतीय छात्र की शनिवार को हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी. तेलंगाना में सिद्धिपीठ के विधायक एवं पूर्व मंत्री हरीश राव थन्नीरू ने ट्वीट किया कि बीडीएस की पढ़ाई पूरी कर डलास गए चंद्रशेखर पोल की तड़के हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी. उन्होंने राज्य सरकार से चंद्रशेखर पोल का पार्थिव शरीर जल्द से जल्द उनके गृहनगर लाए जाने की मांग की. चंद्रशेखर तेलंगाना का रहने वाला था. उन्होंने कहा यह दुखद है कि बीडीएस की पढ़ाई पूरी कर डलास गए एलबी नगर के छात्र चंद्रशेखर पोल की आज तड़के हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी.

# भ्रष्टाचार के आरोप में दो जज बर्खास्त

**मुंबई, 4 अक्टूबर. मुंबई में बॉम्बे हाईकोर्ट ने न्यायपालिका की साख बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम और सिविल जज इरफान शेख को भ्रष्टाचार व कदाचार के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है. जांच समिति की रिपोर्ट के बाद दोनों की बर्खास्तगी का आदेश जारी हुआ. इनमें रिश्वतखोरी और मादक पदार्थों के दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं.**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले दो जजों को सख्ती से निपटाया है. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम और सिविल जज इरफान शेख को निलंबित कर दिया गया है. अनुशासन समिति द्वारा की गई जांच में दोनों को कदाचार और भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया. न्यायाधीश निकम पर पांच लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है. यह रकम एक धोखाधड़ी मामले में जमानत देने के लिए मांगी गई थी.

एंटी करप्शन ब्यूरो ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया है. वहीं, सिविल जज इरफान शेख पर जब्त किए गए मादक पदार्थों का दुरुपयोग करने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं. शेख एनडीपीएस एक्ट के मामलों की सुनवाई करते थे. उनके खिलाफ हाईकोर्ट में एक याचिका अभी भी लंबित है.

यह कार्रवाई न्यायपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अभूतपूर्व और साहसिक निर्णय लेते हुए महाराष्ट्र न्यायपालिका से जुड़े दो जजों को भ्रष्टाचार और कदाचार के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया है. यह कार्रवाई न्यायिक अनुशासन समिति द्वारा की गई विस्तृत जांच के बाद की गई, जिसमें दोनों जजों के खिलाफ लगे आरोपों की पुष्टि हुई. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम, जो सतारा जिले में कार्यरत थे, पर एक धोखाधड़ी के मामले में जमानत देने के लिए पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है.